pan>

Title: Demand to open Kendriya Vidyalaya in Machhlishahar Parliamentary Constituency.

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र-मछलीशहर, जौनपुर, जो कि लगभग 50 लाख की आबादी वाला क्षेत्र है। वहां एक भी केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण यहाँ के निवासियों को अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए वाराणसी व प्रयागराज एवं अन्य जनपदों में भेजना पड़ता है, जो कई किलोमीटर दूर हो जाता है। इससे उनके रहने व खाने पीने का अतिरिक्त बोझ बना रहता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए अत्यंत गंभीर आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाती है। देश में शिक्षा का स्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का रुझान देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। उनकी शिक्षा का स्तर बढाने के लिए एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करना अति आवश्यक है और केन्द्रीय विद्यालय ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा का एक उचित माध्यम है। हमारा लोक सभा क्षेत्र-मछलीशहर, जौनपुर अत्यंत पिछड़ा हुआ एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। इस संबंध में मैंने माननीय शिक्षा मंत्री जी को पूर्व में भी अवगत कराया है, किन्तु अभी तक इस विषय में कोई प्रगति नहीं हुई है। इससे मुझे अत्यंत निराशा हुई है। अतः मैं माननीय मंत्री जी से पुनः आग्रह करता हूं कि जनपद-मछलीशहर में नया केंद्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु जो भी प्रक्रिया है, उसे पूरा करके स्थापित कराए जाने की कृपा करें।

20.00 hrs